stand that the award of NIT could not be an authority for continued parity between the employees of RRBs and those of sponsor banks. The Supreme Court has not granted the relief prayed for and instead observed that the employees may seek relief available to them under the Industrial Disputes Act.

In order to have a package that will reconcile the interests of the employees, the clients and the banks, the Reserve Bank of India (RBI) has now appointed a Committee to make recommendations to Government on the exercise of its powers under Section 17(1) of the Act.

Loans Advanced by Banks to SSIs in Gujarat

440. SHRIMATI ANANDIBEN JETHABHAI PATEL: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether any amount of loans were advanced to small scale industries by the public sector banks in Gujarat during the last three years and in the current year so far;

(b) if so, the details of the loans provided during the above period, year-wise;

(c) whether SSIs in the State are in a better position to repay bank loans as compared to other States; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): (a) and (b) The data reporting system of RBI does not generate information in the manner asked for. However, as per the information available with Reserve Bank of India (RBI), the number of accounts with public sector banks and the balance outstanding against small scale industrial units as on the last Friday of March 1993, March 1994 and March 1995 (latest available) in the State of Gujarat were as under:

(Rs. in crores)

As on the last Friday of	Number of Accounts	Balance Outstanding
March 1993	115630	1400.45
March 1994	106571	1542.21
March 1995	107831	1938.26

(c) and (d) The data reporting system of RBI does not generate such information.

राजस्थान में ऐतिहासिक स्थलों का विकास

441. **श्री महेश्वर सिंह:** क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राजस्थान वीरों की भूमि कहलाता है और वहां पर्यटन की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण तथा आकर्षक कई ऐतिहासिक स्थल हैं;

(ख) क्या राजस्थान सरकार ने इन क्षेत्रों के विकास हेतु "मेवाड़ परिसर" नामक कोई परियोजना तैयार करके उसे सरकार के पास वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु भेजा है; और

(ग) यदि हां, तो कब और सरकार द्वारा इस संबंध में दी गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है?

संसदीय कार्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्री (श्री श्रीकान्त जेना): (क) से (ग) जी, हां। पर्यटन विभाग ने राजस्थान सरकार से पर्यटन और मेवाड़ क्षेत्र के लिए संरचनात्मक विकास योजना पर एक परियोजना रिपोर्ट प्राप्त की थी। पर्यटन विभाग ने इस परियोजना की, बाह्य वित्तीय सहायता हेतु वित्त मंत्रालय से सिफारिश की है।

आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान परिवार कल्याण के लक्ष्य और उनकी उपलब्धियां

442. **श्री इकबाल सिंह:** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार ने आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान परिवार कल्याण कार्यक्रमों को लागू करने के लिए कौन-कौन से लक्ष्य निर्धारित किए थे;